# प्रीलिम्स फैक्ट्स: 04 जुलाई, 2019


- जगन्नाथ रथ यात्रा
- सबसे लंबी विद्युतीकृत रेलवे सुरंग
- बांग्लादेश में नदियों को कानूनी व्यक्ति का दर्जा
- नौसैनिक युद्ध-अभ्यास का छठा संस्करण
- ओरियन कैप्सूल


## जगन्नाथ रथ यात्रा

## Jagannath Rath Yatra

पुरी में भगवान जगन्नाथ के सम्मान में आयोजित होने वाले रथ यात्रा त्योहार को **'रथों के त्योहार'** के रूप में मनाया जाता है।

- यह त्योहार प्रत्येक वर्ष आषाढ़ में शुक्ल पक्ष की द्वितीया को मनाया जाता है और इस दौरान हर साल बारिश होती है।
- जगन्नाथ रथ यात्रा ओडिशा के सबसे प्रतीक्षित त्योहारों में से एक है।
- इस बार इसका आयोजन 14 जुलाई, 2019 को किया जाना है।

- यह त्योहार भगवान जगन्नाथ (Jagannath), उनकी बहन देवी सुभद्रा (Subhadra) और बड़े भाई बलभद्र (Balabhadra) को समर्पति है।
- मंदरि के तीनों देवता (जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र) इस त्योहार के दौरान तीन अलग-अलग रथों में यात्रा करते हैं। यही कारण है कि इसे रथों का त्योहार भी कहा जाता है।
- जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र के रथों को क्रमशः नंदीघोष (Nandighosha), तलध्वज (Taladhwaja) और देवदलना (Devadalana) कहा जाता है।
- तीनों देवताओं के लयि प्रत्येक वर्ष नए रथों का नर्िमाण कयिा जाता है।
- प्रत्येक रथ में लकड़ी के चार घोड़े जुड़े होते हैं।

---

## सबसे लंबी वद्यिुतीकृत रेलवे सुरंग

## Longest Electrified Railway Tunnel

दक्षणि मध्य रेलवे (South Central Railway- SCR) ने आंध्र प्रदेश राज्य में चेरलोपल्ली (Cherlopalli) और रापुरु (Rapuru) स्टेशनों के बीच**6.6 कमिी** की सबसे लंबी **वद्यिुतीकृत सुरंग** का नर्िमाण कयिा था।

- यह सुरंग हाल ही में पूर्ण हुई **ओबुलावरपिल्ली-वेंकटचलम नई रेलवे लाइन** (Obulavaripalli-Venkatachalam New Railway Line) का हिस्सा है।
- नई लाइन प्रत्यक्ष और व्यवहार्य रूप में दक्षिण तट (South Coast) और पश्चिम तट (West Coast) को आपस में जोड़ती है।
- यह कृष्णापटनम बंदरगाह (Krishnapatnam Port) और मालगाड़ी सेवाओं को आंतरिक भागों में रेल संपर्क को व्यवस्थित करती है।

## बांग्लादेश में नदियों को कानूनी व्यक्ति का दर्जा

बांग्लादेश के उच्च न्यायालय ने नदियों को जीवित इकाई के समान अधिकार दिये जाने संबंधी प्रस्ताव को मंज़ूरी प्रदान की।

- यह निर्णय वर्ष 2016 में एक अधिकार समूह द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के संबंध में सामने आया।
- इसके अंतर्गत सैकड़ों नदियों को कानूनी अधिकार प्रदान किया जाएगा ।
- बांग्लादेश नदियों को इस प्रकार के अधिकार प्रदान करने वाला **कोलम्बिया, भारत और न्यूज़ीलैंड** के बाद चौथा ऐसा देश बन गया है।

## नौसैनिक युद्ध-अभ्यास का छठा संस्करण

भारतीय वायु सेना (Indian Air Force -IAF) ने फ्राँस द्वारा आयोजित द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास **गरुड़** के **छठे संस्करण** में भाग लिया।

- इस युद्धाभ्यास का उद्देश्य हवाई रक्षा और ज़मीनी हमले संबंधी अभियानों में फ्रांसीसी और भारतीय चालक दल के मध्य अंतर-सक्रियता को बढ़ावा देना है।
- यह युद्धाभ्यास दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग का हिस्सा है। गरुड़ अभ्यास वैकल्पिक रूप से फ्राँस और भारत में आयोजित किया जाता है।
- भारतीय वायुसेना की इस युद्धाभ्यास में भागीदारी से फ्रांसीसी वायुसेना के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करने के अलावा पेशेवर बातचीत, अनुभवों के विनिमय और परिचालन संबंधी ज्ञान को बढ़ावा मिलेगा।

## ओरियन कैप्सूल

## (Orion Capsule)

हाल में नासा ने अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर ले जाने के लिये डिज़ाइन किये गए**ओरियन कैप्सूल (Orion Capsule)** के **लॉन्च-एबॉर्ट सिस्टम (Launch-abort System)** का सफल परीक्षण किया।

- इस परीक्षण की कुल अवधि 3 मिनट थी और इसे फ्लोरिडा के केप केनवेरल (Cape Canaveral) में किया गया।
- इस परीक्षण का उद्देश्य किसी रॉकेट की असफलता या विस्फोट के कारण उत्पन्न आपातकाल की स्थिति में रॉकेट में उपस्थित लोगों को आसानी से वापस लाना है।
- नासा द्वारा किया गया यह परीक्षण उसके आर्टेमिस मिशन (Artemis Missions) के लिये एक बड़ी उपलब्धि है।
- इस परीक्षण के दौरान एक मिनी-रॉकेट द्वारा मानवरहित ओरियन कैप्सूल लॉन्च किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-04-july-2019